## एक नजर में

### 1 लाख 14 हजार प्रकरणों का निराकरण

**जबलपुर.** इस वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से लगभग 1 लाख 14 हजार प्रकरणो को निराकरण किया गया. प्रकरणों का निराकरण करते हुए 4 अरब 40 लाख रुपये के अवार्ड पारित किये गये. समाचार लिखे जाने तक पूरे आंकड़े प्राप्त नहीं हुए थे. नेशनल लोक अदालत का डिजिटल तौर पर उद्घाटन किया मप्र उच्च न्यायालय ने मुख्य न्यायाधीश तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षक जस्टिस संजीव सचदेवा के द्वारा किया गया. राष्ट्रीय लोक अदालत सभी नागरिकों के लिए सुलभ, त्वरित और किफायती न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. इस वर्ष की पहली लोक अदालत में आपसी समझौते से 1.88 लाख प्रकरणों को निराकरण करते हुए 70 करोड़ रुपये के अवार्ड पारित किये गये थे. लोक अदालत से सिर्फ अदालतों को बोझ कम नहीं होता है बल्कि विवादों के सौहार्दपूर्ण निपटारे से सामाजिक सद्भावना को भी बढ़ावा मिलता है.वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्रो में लोगों के बढ़ते विश्वास को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का आव्हान किया.

### मखमली आवाज की यादों से गुलजार हुई शाम

**मंदसौर.** नगर के सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच मंदसौर द्वारा महान पार्श्व गायक और गजल सम्राट तलत महमूद की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया.इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने तलत साहब द्वारा गाए गए अमर गीतों और गजलों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम का शानदार आगाज गायक सतीश सोनी ने बेहद लोकप्रिय गीत ''जलते हैं जिसके लिए तेरी आंखों के दीये'' से किया, जिसके बाद संगीत की यह शाम पूरी तरह से तलत महमूद की यादों में डूब गई. इसी क्रम में अभय मेहता ने अपनी सुरीली आवाज में ''ए मेरे दिल कहीं और चल'' गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित श्रोताओं की खूब सराहना मिली. संगीत के इस सफर को आगे बढ़ाते हुए आबिद शाह ने ''ये हवा ये रातें ये चांदनी'' गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए. कार्यक्रम के दौरान डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने तलत महमूद के गीतों की झड़ी लगा दी.

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

# गांवों की तस्वीर और तकदीर बदली

## सीएम डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया भैरूंदा में पीएम जनमन योजना का शुभारंभ

**सीहोर, 10 मई. जिले के भैरूंदा में रविवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना- एवं पीएम जनमन योजना का शुभारंभ करते हुए मध्यप्रदेश को ग्रामीण सड़कों की बड़ी सौगात दी.**

कार्यक्रम में बताया गया कि प्रदेश में 1763 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 2117 किलोमीटर लंबी 963 नई सड़कों का निर्माण होगा, जिससे 987 ग्रामीण बसाहटों को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा. वहीं पीएम जनमन योजना के तहत 261 करोड़ रुपये की लागत से 168 सड़कों का निर्माण किया जाएगा. सीहोर जिले को भी 165 करोड़ रुपये की लागत से 209 किलोमीटर लंबी 81 नई सड़कों की सौगात मिली है, जिनसे जिले की 84 बसाहटों को सीधा लाभ मिलेगा.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांवों की तस्वीर और तकदीर बदल दी है. सड़क संपर्क बढने से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और व्यापार को नई गति मिली है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है. सड़कें केवल आवागमन का माध्यम नहीं बल्कि विकास की मजबूत आधारशिला हैं. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास का महायज्ञ चल रहा है.

> उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि कोई भी गरीब बिना घर के न रहे. पीएम आवास योजना के तहत प्रदेश को 2055 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है. उन्होंने बताया कि ग्रामीण सड़क निर्माण में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुंचा है, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया. मध्यप्रदेश ने विभिन्न श्रेणियों में दो बार प्रथम और एक बार द्वितीय स्थान प्राप्त किया. कार्यक्रम से पहले हुए रोड शो में मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री का नागरिकों ने भव्य स्वागत किया.

# नन्हे वीर सत्यम का साहस तेंदुए से लड़कर बचाई जान

**नर्मदापुरम, 10 मई. जिले से एक साहसिक घटना सामने आई है. पिपरिया क्षेत्र के कुर्सीखापा गांव में शाम करीब 7.30 बजे एक 14 वर्षीय किशोर पर तेंदुए ने हमला कर दिया. अचानक हुए इस हमले के बावजूद बच्चे ने घबराने के बजाय हिम्मत दिखाई और अपनी सूझबूझ से जान बचाने में सफल रहा.**



जानकारी के मुताबिक, 14 वर्षीय सत्यम ठाकुर खेत के पास खेल रहा था. इसी दौरान झाड़ियों में छिपा तेंदुआ बाहर निकला और उस पर झपट पड़ा. खतरे को सामने देखकर सत्यम ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और तेंदुए से भिड़ गया. नन्हे वीर सत्यम ने तेंदुए कि गर्दन पकड़कर संघर्ष किया ओर उसे दूर फेंका, इस दौरान उसने शोर मचाते हुए खुद को बचाने की कोशिश की. बच्चे की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य और ग्रामीण मौके की ओर दौड़े,लोगों को आता देख तेंदुआ पीछे हट गया और जंगल कि ओर भाग गया. संघर्ष के दौरान तेंदुए के नाखून सत्यम के पेट और पैरों में लग गए थे.

सत्यम के पिता महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि उनका खेत जंगल के बिल्कुल पास है और घर से थोड़ी दूरी पर एक कुआं बना हुआ है.

> मंगलवार शाम उनका बेटा सत्यम वहां किसी सामान के लिए गया था. काम खत्म होने के बाद वह आसपास खेलने लगा. तभी अचानक झाड़ियों के बीच छिपा तेंदुआ बाहर निकला और बच्चे पर झपट पड़ा.बेटे की चीख सुनते ही परिवार के लोग और गांववाले तुरंत मौके की ओर दौड़े.सभी ने डंडे लेकर शोर मचाना शुरू किया ताकि तेंदुआ डरकर भाग जाए.इसी दौरान सत्यम ने भी साहस दिखाते हुए तेंदुए का मुकाबला किया और उसे खुद से दूर करने की कोशिश की. लोगों की भीड़ और हल्ला बढ़ता देख तेंदुआ वहां से जंगल की ओर भाग निकला.बेटे कि हिम्मत और भगवान की कृपा से हादसा टल गया. सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पिपरिया के सहायक संचालक आशीष खोपरागड़े ने बताया कि कुर्सी खापा बीट में एक तेंदुए ने बच्चे पर अचानक हमला कर दिया था.

# दो पक्षों के विवाद में वृद्ध की मौत

**मानसिक विक्षिप्त महिला के गाली देने पर हुआ था विवाद**

**दमोह,10 मई. जिले के देहात थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ चौकी के खड़ेरा मोहल्ले में रविवार सुबह दो पक्षों में विवाद हो गया. जिसमें 58 वर्षीय मुन्नालाल जैन की मौत हो गई और उनके घर के तीन लोग घायल हो गए. पुलिस ने आरोपी पति-पत्नी पर हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है और मामले में जांच शुरू की गई है.**



जानकारी के अनुसार मृतक मुन्नालाल जैन की मानसिक विक्षिप्त बेटी कविता जैन घर में ही रहती है. उसके द्वारा पड़ोसी धर्मेंद्र सिंह लोधी को गालियां दी गई. जिसको लेकर यह विवाद रविवार अल सुबह हुआ. मृतक मुन्ना की बेटी वर्षा ने बताया की बहन ने घर के अंदर गालियां दी थी. जिसके बाद धर्मेंद्र अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ आया और उनके पिता के साथ मारपीट कर दी. जब उनका भाई पप्पू और जीजा बचाने आए तो उसके साथ भी मारपीट की गई.बहन कविता और उनके पति दिनेश पर भी हमला किया. उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी इसके बाद घायलों को इलाज के लिए 108 से जिला अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मुन्नालाल जैन को मृत घोषित कर दिया है. वहीं बेटी कविता जैन उनके दिनेश जैन और बेटे पप्पू जैन का इलाज चल रहा है. देहात थाना टीआई अमित गौतम, चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया की दोनों पड़ोसियों के बीच रविवार सुबह विवाद हुआ था. जिसमें मुन्नालाल जैन की मौत हो गई है और उनके घर के तीन लोग घायल हुए हैं. आरोपी धर्मेंद्र सिंह लोधी और उनकी पत्नी लक्ष्मी लोधी को गिरफ्तार कर लिया है. और हत्या का मामला दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है. घटना को गंभीरता से लेते हुए दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने घटनास्थल पहुंचकर थाना प्रभारी अमित गौतम, परिजनों सहित मोहल्ला वासियों से जानकारी प्राप्त की. वहीं यह बात भी सामने आ रही है कि मानसिक विक्षिप्त कविता जैन से पूरा मोहल्ला परेशान था. वह आए दिन गंदी-गंदी गालियां देती थी. उन्होंने परिजनों से कई बार कहा कि उसका अच्छे से इलाज कराए.

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, चालक भागा

**दतिया.** उनाव थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई. हादसा गांव खेरी के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई.सरदार यादव पुत्र लखन लाल निवासी उनाव बालाजी किसी निजी काम से दतिया आए थे. वह बाइक से वापस उनाव लौट रहे थे.

# जिला अस्पताल में बड़ा हादसा, छत गिरी

**दुग्धपान करा रही महिलाएं और नवजात घायल**

**भिंड, 10 मई. जिला अस्पताल के विशेष नवजात देखभाल इकाई में आज उस वक्त हड़कंप मच गया, जब वार्ड की छत की सीलिंग अचानक भरभरा कर गिर पड़ी. इस दुर्घटना में वहां मौजूद तीन महिलाएं और एक नवजात शिशु चोटिल हो गए हैं. घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल के ट्रामा सेंटर में स्थानांतरित किया गया है.**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय महिलाएं वार्ड में अपने बच्चों को दुग्धपान करा रही थीं. अचानक सीलिंग का एक बड़ा हिस्सा नीचे आ गिरा, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई. गनीमत यह रही कि अन्य बच्चों को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई. अस्पताल की यह पुरानी और जर्जर हो चुकी बिल्डिंग अब मरीजों के लिए खतरा बनती जा रही है. स्थानीय लोगों और स्टाफ का कहना है कि भवन की हालत लंबे समय से खराब है, जिसके कारण आए दिन इस तरह के छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं. बार-बार की शिकायतों के बावजूद मरम्मत कार्य न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है.

### सोशल मीडिया पर हथियार लहराने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**गरोठ.** सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए वीडियो वायरल करने वाले तीन आरोपियों को गरोठ पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक देशी कट्टा, दो जिंदा राउंड, दो एयरगन एवं बिना नंबर की स्कॉर्पियो वाहन जब्त की है। पुलिस को सोशल मीडिया पर खड़ावदा शराब दुकान के सामने कुछ युवकों द्वारा हथियार लहराकर रील बनाने का वीडियो वायरल होने की सूचना मिली थी. जांच में आरोपियों की पहचान कमलसिंह निवासी कुण्डला खुर्द, विनोद निवासी बारामासी एवं बालु उर्फ बालमुकुंद निवासी बरखेड़ा उदा के रूप में हुई.

### पेयजल और सीवर व्यवस्था पर महापौर सख्त

**ग्वालियर.** बाल भवन स्थित ए.क्यू.आई. सभागार में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार द्वारा ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पेयजल आपूर्ति, सीवर सफाई एवं नाला सफाई से जुड़ी समस्याओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में नागरिकों को हो रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए.बैठक के दौरान महापौर ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति प्रभावित नहीं होनी चाहिए तथा सीवर और नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए.

# आधी रात ताले तोड़ मंदिर में घुसे बदमाश, पुलिस देख दानपात्र छोड़ भागे

**रेलिंग टूटी, मौके पर मिले खून के धब्बे, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर के प्रमुख आस्था केंद्र कालिका माता मंदिर में रविवार देर रात चोरी के प्रयास की सनसनीखेज घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने मंदिर के मुख्य ताले तोड़कर अंदर प्रवेश करने की कोशिश की और रेलिंग का दरवाजा भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार बदमाश मंदिर का दानपात्र उठाकर अलग स्थान तक ले गए थे, लेकिन आशंका है कि पुलिस गश्ती वाहन को आता देख वे घबराकर दानपात्र वहीं छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे नगर में हड़कंप की स्थिति बन गई लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

रविवार सुबह मंदिर के पुजारी नवनीत शर्मा जब मंदिर पहुंचे तो मुख्य दरवाजे के ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो रेलिंग टूटी हुई थी और दानपात्र अपनी जगह से हटा हुआ था। इसके बाद तत्काल सैलाना पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले भी मंदिर क्षेत्र से पानी की मोटर चोरी होने की सूचना सामने आई थी। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि देर रात पुलिस की गश्ती गाड़ी मंदिर क्षेत्र से गुजरी थी। माना जा रहा है कि पुलिस वाहन को देखकर बदमाश जल्दबाजी में दानपात्र छोड़कर भाग निकले। घटनास्थल पर खून के धब्बे भी मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि ताला या रेलिंग तोड़ते समय कोई आरोपी घायल हो गया होगा। सूचना मिलते ही हीतेंद्र सिंह परिहार, फकीरचंद सोलंकी एवं मुरली कटारिया मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

पुलिस ने मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर समिति अध्यक्ष राकेश चंदेल, ओंकारलाल पांचाल, घनश्याम कसेरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौके पर पहुंच गए। समिति सदस्यों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

### पुराने अस्पताल परिसर में मिला पान व्यवसायी का शव

**पेटलावद, 10 मई.** नगर के पुराने अस्पताल परिसर में रविवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब यहाँ एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मृतक की पहचान कुम्हार मोहल्ला निवासी मंगतू पिता शंकरलाल गवली के रूप में हुई है, जो पुराने बस स्टैंड पर पान की दुकान संचालित करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया गया. मृतक के पास से पुलिस को सल्फास की एक खाली डिब्बी बरामद हुई है.

# साइबर ठगी में पाकिस्तान से जुड़े तार

**ग्वालियर, 10 मई. ग्वालियर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र स्थित कैलाश विहार के एक होटल में संचालित अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. प्रारंभिक जांच में गिरोह के तार पाकिस्तान से जुड़े होने की बात सामने आई है.**

पुलिस सूत्रों के अनुसार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि कैलाश विहार स्थित होटल एचजी के एक कमरे में कुछ संदिग्ध युवक लैपटॉप और मोबाइल फोन के जरिए संदिग्ध गतिविधियां संचालित कर रहे हैं. सूचना के आधार पर पुलिस ने होटल में दबिश देकर चार आरोपियों को हिरासत में लिया.

**गिरोह का भंडाफोड़**




पूछताछ में पता चला कि आरोपी म्यूल खातों के जरिए साइबर ठगी का नेटवर्क संचालित कर रहे थे. गिरफ्तार आरोपियों में दो ग्वालियर, एक मुरैना और एक राजस्थान के धौलपुर का निवासी है.जांच के दौरान आरोपियों के मोबाइल फोन में पाकिस्तान के कंट्री कोड वाले नंबरों से व्हाट्सएप संदेश और कॉल मिलने की जानकारी सामने आई.


> पुलिस के अनुसार पाकिस्तान में बैठा एक हैंडलर आरोपियों को निर्देश देता था कि ठगी की रकम किस खाते में मंगानी है और उसे कहां ट्रांसफर करना है. पुलिस ने बताया कि गिरोह भोलेभाले लोगों के बैंक खाते किराए पर लेकर उनमें ठगी की रकम जमा कराता था. इसके बाद रकम को विभिन्न माध्यमों से आगे भेजा जाता था. आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड, पासबुक और चेकबुक बरामद किए गए हैं. क्राइम ब्रांच की टीम आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गिरोह ने अब तक कितनी राशि की ठगी की है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोग कौन हैं.

# बड़ी मां ने गला घोंटकर की मासूम की हत्या

## खुलासा : सिर को पत्थर से कुचलकर शव को घर से 50 मीटर दूर फेंका था

**नवभारत न्यूज**

**तेंदूखेड़ा/दमोह. तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी में 3 साल के मासूम अनिरुद्ध की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है. बच्चे की बड़ी मां ने ही जमीन विवाद की रंजिश में उसका अपहरण कर गला दबाकर हत्या कर दी. इसके बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए सिर पर पत्थर पटककर शव अंधेरे में घर से करीब 50 मीटर दूर गोबर भूसे के ढेर में फेंक दिया.**



मामला तेजगढ़ क्षेत्र के महुआखेड़ा गांव का है. दमोह एसपी आनंद कलादगी ने बताया कि मृतक अनिरुद्ध के पिता माखन सिंह और उनके भाई भगवान सिंह लोधी के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था.इसी रंजिश में भगवान सिंह की पत्नी राजकुमारी लोधी ने शुक्रवार सुबह बच्चे को अपने पास बुलाकर गायब कर दिया था.

> पुलिस को शुरुआत से ही बच्चे के बड़े पिता भगवान सिंह और बड़ी मां राजकुमारी लोधी पर शक था. दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई.सख्ती से पूछताछ करने पर राजकुमारी लोधी टूट गई और हत्या करना कबूल कर लिया. दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया कि फिलहाल आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है.वहीं बड़े पिता भगवान सिंह से भी पूछताछ जारी है.पुलिस पूरे घटनाक्रम और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है.

**खुलासा** — प्रेम-प्रसंग में की थी युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

# प्रेम प्रसंग, धोखा और खौफनाक साजिश की कहानी

**बाड़ी थाना क्षेत्र के नागिन मोड़ ब्रिज के नीचे मिला था शव**

**बाड़ी/रायसेन, 10 मई. जिले के बाड़ी थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है.भोपाल-जबलपुर नेशनल हाईवे-45 स्थित नागिन मोड़ सिरवारा ब्रिज के नीचे मिले सड़े-गले शव के पीछे प्रेम प्रसंग, धोखा और खौफनाक साजिश की कहानी सामने आई है.पुलिस ने इस अंधे हत्याकांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

दरअसल 7 मई को वन विभाग के फॉरेस्ट गार्ड ने बाड़ी पुलिस को सूचना दी थी कि सिरवारा ब्रिज के नीचे एक बोरे में अज्ञात शव पड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शव करीब 6 से 7 दिन पुराना था, हाथ-पैर बंधे हुए थे और मुंह पर टेप लगा हुआ था.शव इतनी बुरी तरह सड़ चुका था कि पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा था.आरोपियों ने पहचान मिटाने के लिए घटनास्थल पर कोई पहचान संबंधी दस्तावेज तक नहीं छोड़ा था.मौके से पुलिस को सिर्फ एक थैला मिला, जिसमें मृतक के जूते, कंघा और एक बच्चे की होमवर्क नोटबुक बरामद हुई.यही छोटी सी नोटबुक पूरे मामले की सबसे बड़ी कड़ी साबित हुई.थैले पर लिखे साईंखेड़ा क्षेत्र की दुकान के नाम और नोटबुक के आधार पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई.लगातार पूछताछ और टीचर से मिली जानकारी के बाद पुलिस संबंधित परिवार तक पहुंच गई.



जांच में सामने आया कि जिस घर की तलाश की जा रही थी, वह कई दिनों से बंद पड़ा था और परिवार अचानक गायब था.पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और अलग-अलग शहरों में दबिश दी.आखिरकार उज्जैन से पूरे परिवार को हिरासत में लिया गया. पूछताछ में आरोपी रीना किरार ने चौंकाने वाला खुलासा किया.उसने बताया कि उसका प्रेम संबंध पहले अरुण पटेल से था, लेकिन बाद में फेसबुक के जरिए उसकी दोस्ती राजस्थान निवासी वीरू जाट से हो गई.वीरू का घर आना-जाना बढ़ने लगा, जिससे अरुण पटेल नाराज रहने लगा.पुलिस के अनुसार अरुण ही रीना के घर का खर्च उठाता था और इसी वजह से उसने वीरू को रास्ते से हटाने की साजिश रची.29 अप्रैल को रीना ने वीरू जाट को राजस्थान से साईंखेड़ा स्थित अपने घर बुलाया.घर के अंदर पहले से मौजूद आरोपियों ने वीरू पर बेसबॉल बैट से हमला कर उसकी हत्या कर दी.

> **आरोपी लगातार बदलते रहा ठिकाने**
>
> हत्या के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए बाड़ी, इटारसी, मुंबई, इंदौर और उज्जैन में लगातार ठिकाने बदलते रहे, लेकिन आखिरकार पुलिस ने उन्हें धर दबोचा.पुलिस ने इस मामले में अरुण पटेल, हरनाम सिंह किरार और रीना किरार को गिरफ्तार किया है.आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल बेसबॉल बैट, एक्सयूवी-700 वाहन और मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं.पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और एसडीओपी बाड़ी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेश तिवारी सहित पूरी टीम ने इस अंधे कत्ल का खुलासा कर बड़ी सफलता हासिल की है.

# फांसी के फंदे से बचे, लेकिन मरते दम तक रहना होगा जेल में

**नर्मदापुरम में बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या का प्रकरण**

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने छह वर्ष की अबोध बच्ची से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में नर्मदापुरम जिला सत्र न्यायालय द्वारा सुनाई गई फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया. न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी की सोशल आडिट रिपोर्ट व मामले की परिस्थितियों को देखते हुए यह प्रकरण रेयरेस्ट आफ रेयर यानी विरल से विरलतम की श्रेणी में नहीं आता. सजा तय करते समय केवल अपराध की क्रूरता ही नहीं, बल्कि आरोपी की सामाजिक पृष्ठभूमि, व्यवहार और सुधार की संभावना पर भी विचार करना जरूरी है. आरोपी को सुधार का एक अवसर दिया जाना चाहिए. न्यायालय ने कहा कि अपराधी को आजीवन कारावास की सजा में कम से कम 25 वर्ष तक किसी प्रकार की रियायत या माफी नहीं मिलेगी. उसे मृत्युपर्यंत जेल में रहना होगा.

अभियोजन के अनुसार दो जनवरीए 2025 को नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा थाना क्षेत्र के एक गांव से छह साल की बच्ची अचानक लापता हो गई थी. संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी अजय वाडिवा को हिरासत में लिया.